>

Title: Need to check the pollution caused by cement factories in Rajsamand Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री गोपाल सिंह शेखावत (राजसमंद) : मेरे राजस्थान के राजसमंद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जैतारण तहसील के राबड़ियावास क्षेत्र में सीमेंट के कारखाने स्थित हैं। ये कारखाने अवैध खनन के साथ-साथ क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलाते हैं। इस प्रदूषण के चलते स्थानीय लोग विभिन्न गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इन सीमेंट कारखानों के कार्यकरण की गहन छानबीन करवाने के साथ-साथ पर्यावरण संबंधी मानकों का पालन कड़ाई से सुनिश्चित करें।